आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 07.10.2024 समय : 1905

- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज कहा कि भारत सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज हासिल करने के लिए "संपूर्ण सरकार" और "संपूर्ण समाज" के दृष्टिकोण को अपनाया है।
- भारतीय डाक की ओर से देश भर के श्रमिकों के लिए अंत्योदय श्रमिक सुरक्षा योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है।
- नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से विशेष आधार शिविर आयोजित करने की व्यवस्था की गई है।
- अंडमान निकोबार कमान की स्थापना दिवस पर कल ब्रिचगंज मिलिट्री स्टेशन में परेड का आयोजन किया जाएगा।
- दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल की ओर से खेले जा रहे वॉलीबॉल टूर्नामेंट में स्कूल लाईन और पोर्ट मोट स्कूल की टीम के बीच कल फाइनल मैच खेला जाएगा ।

<><><><><><><>

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज कहा कि भारत की स्वास्थ्य प्रणाली ने सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज–यूएचसी हासिल करने के लिए "संपूर्ण सरकार" और "संपूर्ण समाज" के दृष्टिकोण को अपनाया है। इसके अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल और आवश्यक सेवाओं को मजबूत करने पर जोर दिया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन–डब्ल्यूएचओ के दक्षिणपूर्व एशिया क्षेत्र के सतहत्तरवें सत्र को संबोधित करते हुए श्री नड्डा ने कहा कि सरकार की आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से बारह करोड़ से अधिक परिवारों को लाभ मिला है और प्रत्येक परिवार को अस्पतालों उपचार लिये छह हजार डॉलर का वार्षिक लाभ प्रदान किया है। श्री नड्डा ने कहा कि भारत ने वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा केंद्र बनाने में डब्ल्यूएचओ का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि भारत उच्च रक्तचाप, मधुमेह और हृदय रोगों जैसी स्थितियों से निपटने के लिए दो हजार दस से गैर–संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम लागू कर रहा है। इस पहल से प्रारंभिक चरण में निवारक उपायों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए

सात सौ तिरपन एनसीडी क्लीनिक, तीन सौ छप्पन डे केयर सेंटर और छः हजार दो सौ अड़तीस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना हुई है।

<><><><><><><>

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि अंतरिक्ष स्टार्ट–अप की उद्यम निधि के लिए एक हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कल नई दिल्ली में मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिन की महत्वपूर्ण उपलब्धियों की जानकारी दी। डॉ. सिंह ने कहा कि पिछले दस वर्ष में देश में अंतरिक्ष स्टार्ट–अप की संख्या डेढ़ लाख से अधिक हो गई है और भारत इस क्षेत्र में विश्व में तीसरे स्थान पर है। अंतरिक्ष क्षेत्र में शत–प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की मोदी सरकार की अनुमति से नई पहल और नए उद्यमियों को बढ़ावा मिला है।

<><><><><><><>

भारतीय डाक की ओर से देश भर के श्रमिकों के लिए अंत्योदय श्रमिक सुरक्षा योजना का कियान्वयन किया जा रहा है। दो सौ नवासी रूपये तक की सालाना प्रीमियम पर पांच लाख रूपये और चार सौ निन्यानब्बे रूपये की सालाना प्रीमियम पर दस लाख रूपये तक दुर्घटना बीमा का प्रावधान योजना में किया गया है। इच्छुक श्रमिक अपने नजदीकी डाक कार्यालय में जाकर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। गैर श्रमिक लोगों के लिए पांच सौ सत्तावन रूपये की सालाना दर पर दुर्घटना बीमा करवाया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए भारतीय डाक पेमेंट बैंक की श्री विजयपुरम शाखा से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से आम जनता की सुविधा के लिए अक्टूबर माह के दौरान दक्षिण, तथा मध्योत्तर अंडमान जिलों की ग्राम पंचायतों में सुबह साढ़े नौ बजे से शाम चार बजे तक विशेष आधार शिविर आयोजित किया जा रहा है। कल और नौ अक्तूबर को वन्डूर क्षेत्र में आधार शिविर लगेगा। दस और ग्यारह तारीख को कालीकट, पन्द्रह और सोलह तारीख को बम्बूफ्लाट–एक, सत्रह और अट्ठारह तारीख को बम्बूफ्लाट–दो, मध्योत्तर अण्डमान के हरिनगर, रामनगर और शिवपुरम में शिविर लगेगा। बाईस और तेईस अक्तूबर को शोर प्वाइंट, चौबीस और पच्चीस अक्तूबर को स्टुअर्टगंज, दशरथपुर, बसंतीपुर, नबाग्राम में शिविर लगेगा। उनतीस और तीस अक्तूबर को होपटाउन में यह व्यवस्था की गई है। आम जनता से अनुरोध किया गया है कि वे इस विशेष शिविर का लाभ उठाएं।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिले में सांसद बिष्णु पद रे द्वारा बुलाए गए बंद को देखते हुए जिला प्रशासन ने किसी से भी शांति व्यवस्था और लोगों की आवाजाही को भंग न करने के संबंध में उच्चतम न्यायालय के

आदेश का हवाला देते हुए कहा है कि शांति व्यवस्था को भंग करना गैर कानूनी होगा। जिला मजिस्ट्रेट ने आदेश में कहा है कि जिला प्रशासन शांति व्यवस्था के साथ साथ जिले में जरूरी सेवाओं को बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसी किसी भी गतिविधि या जमावड़ा जो दैनिक जीवन में प्रभाव डाल सकता है, उसे रोकने के लिए तुरंत जरूरी उपाय करेगा। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता दो हजार तेईस की धारा एक सौ तिरसठ के तहत जिले में शहर के कुछ स्थानों पर पांच से अधिक लोगों के जमावड़े पर रोक लगा दिया गया है। बिना प्राधिकृत अधिकारी के लिखित अनुमति से अवरोध उत्पन्न करने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। जिला मजिस्ट्रेट ने सभी अधिकारियों से आदेश का पालन सुनिश्चित करने को कहा है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान की स्थापना दिवस पर कल ब्रिचगंज मिलिट्री स्टेशन में परेड का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम सुबह नौ बजे आरंभ होगा। इस अवसर पर कमान के कमांडर–इन–चीफ एयर मार्शल साजू बालाकृष्णन को गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया जाएगा। कमान की स्थापना दिवस के सिलसिले में अंडमान निकोबार कमान की चिकित्सा संभाग की ओर से मानसिक स्वास्थ्य पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मनोचिकित्सक और सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. हरिश शेट्टी ने मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में कमान के कमांडर–इन–चीफ एयर मार्शल साजू बालाकृष्णन और सेना पत्नी कल्याण संघ की क्षेत्रीय अध्यक्षा लता साजू भी उपस्थित थी।

<><><><><><><>

ग्रामीण विकास, पंचायती राज और शहरी स्थानीय निकाय विभाग की ओर से कल फरारगंज में समुदाय प्रतिबंधित प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीण विकास विभाग की आयुक्त व सचिव नन्दिनी पालीवाल की अध्यक्षता में केन्द्र का उद्घाटन किया जाएगा। इस अवसर पर ग्रामीण विकास सचिव अर्जुन शर्मा और श्रम विभाग सचिव अनिल अग्रवाल कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल की ओर से सोलह वर्ष से कम आयु वर्ग के स्कूली विद्यार्थियों के लिए वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। आज लड़को के वर्ग में दो सेमीफाइनल मैच खेले गए। भातुबस्ती स्कूल मैदान में खेले गए पहले सेमीफाइनल मैच में स्कूल लाईन स्कूल की टीम ने विवेकानन्द केन्द्र विद्यालय ज़िला परिषद स्कूल छोलदारी को अट्ठाईस–सोलह, सत्रह–पच्चीस और पन्द्रह–बारह से पराजित किया। जी डी एम एस स्कूल मैदान में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मैच में पोर्ट मोट की टीम ने जी डी एम

एस को पच्चीस–दस और पच्चीस–पांच से हराया। फाइनल मैच कल सुबह नौ बजे से भातुबस्ती स्कूल मैदान में स्कूल लाईन और पोर्ट मोट स्कूल के टीम के बीच खेला जाएगा।

<><><><><><><>

डेनमार्क के अल्बोर्ग में आयोजित विश्व फायर फाइटर्स गेम्स में अंडमान निकोबार अग्निशमन विभाग के के. पी. मम्मू ने दो स्वर्ण और एक रजत पदक हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि पर भारतीय खेल प्राधिकरण की स्थानीय केन्द्र की सहायक निदेशक और प्रशिक्षकों ने उन्हें सम्मानित किया।

उधर, बम्बूफ्लाट में ओपन चेस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। विभिन्न आयु वर्ग के लड़के–लड़कियों और महिलाओं के लिए आयोजित इस चेस चैम्पियनशिप में एम. धनराजू को विजेता और आर. कस्तुरी बाई को उप–विजेता घोषित किया गया।

इस बीच, हैदराबाद में ग्यारह वर्ष से कम आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय चेस चैम्पियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। द्वीपसमूह से इस चैम्पियनशिप के लिए सात उभरते हुए खिलाड़ी इसमें भाग ले रहे हैं।

<><><><><><><>

कृषि विभाग द्वीपों में रासायनिक उर्वरकों के इस्तेमाल को कम करने और जैविक खेती के इस्तेमाल को बढ़ावा दे रहा है। विभाग की ओर से जैविक खेती के तरीकों में कई बदलाव भी किए जा रहे हैं। इस सिलसिले में विभाग ने सीपीघाट में बागवानी फार्म की स्थापना की थी। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना की ओर से इस पहल को बढ़ावा देने के लिए वर्मी कम्पोस्ट इकाईयों का निर्माण किया गया और किसानों को जैविक खेती के लिए आवश्यक उपकरण भी उपलब्ध कराए गए। शहीद द्वीप में जैविक खेती के लिए महत्वाकांक्षी मिशन की शुरूआत की गई थी। इस मिशन का उद्देश्य किसानों को जैविक खेती के माध्यम से उनकी आजीविका के स्तर में बढ़ोत्तरी करना था। द्वीपसमूह की जैविक खेती की क्षमता को देखते हुए सरकार की ओर से द्वीपों की सभी कृषि भूमि को जैविक खेती का दर्जा देने की घोषणा भी की गई थी।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। लांग आइलैंड में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक तेरह दशमलव चार मिलीमीटर, कार निकोबार और वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में चार–चार मिलीमीटर तथा ननकौड़ी में तीन दशमलव तीन मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

<><><><><><><>